मूल्य 1 रु.

वर्ष: 10 - अंक : 1, मुंबई, शुक्रवार, 21 फरवरी, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

# दैनिक मुंबई हलचल

अब हर सच होगा उजागर

# कांग्रेस में 'परिवार' पर छिड़ी लड़ाई

## अब संजय निरुपम बोले- सिर्फ राहुल गांधी बचा सकते हैं पार्टी

संवाददाता

**मुंबई।** कांग्रेस पार्टी में गांधी परिवार के खिलाफ और समर्थन में एक बार फिर से बहस शुरू हो गई। शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व पर सवाल उठाया है। इतना ही नहीं, उन्होंने पार्टी के स्थायी अध्यक्ष के चुनाव की भी बात कही है। शशि थरूर के इस बयान पर अब संजय निरुपम भी भड़क गए हैं। संजय निरुपम ने कहा है कि केवल और केवल राहुल गांधी ही कांग्रेस पार्टी को बचा सकते हैं।

(शेष पृष्ठ 5 पर)



### दिल्ली चुनाव के बाद कांग्रेस में मची उठापटक

## राममंदिर निर्माण पर बोले शरद पवार...

# मंदिर की तरह ही मस्जिद के लिए भी बनना चाहिए ट्रस्ट



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार बुधवार को उप्र की राजधानी लखनऊ पहुंचे। यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारें मजहब के नाम पर देश को बांट रही हैं। अयोध्या में राममंदिर निर्माण पर पवार ने कहा कि जैसे मंदिर के लिए ट्रस्ट बना, वैसे ही मस्जिद बनाने के लिए भी ट्रस्ट क्यों नहीं बना सकते हैं? देश तो सबका है। सभी के लिए हैं।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# मुंबई में एक साल में हादसों ने लीं 179 जानें

**आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार, 1 जनवरी से दिसंबर 2019 तक हुई विभिन्न दुर्घटनाओं में 132 पुरुष और 47 महिलाओं की मौत हुई। साथ ही 722 लोग घायल हुए, जिसमें 465 पुरुष और 257 महिलाएं शामिल हैं।**

मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में वर्ष 2019 में 179 लोगों को विभिन्न दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवानी पड़ी। मुंबई में पिछले वर्ष 13,150 दुर्घटनाओं में 179 लोगों की मौत हुई और 722 लोग घायल हुए। शकील अहमद शेख को आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार, 1 जनवरी से दिसंबर 2019 तक हुई विभिन्न दुर्घटनाओं में 132 पुरुष और 47 महिलाओं की मौत हुई। साथ ही 722 लोग घायल हुए, जिसमें 465 पुरुष और 257 महिलाएं शामिल हैं। इन दुर्घटनाओं में नालों में गिरने, खुले मेनहोल में गिरने, आग, इमारतों से गिरने जैसी दुर्घटनाएं शामिल थीं।

(शेष पृष्ठ 5 पर)



शुद्ध घी में बना
केसरीया मलाई घेवर
MM MITHAIWALA
MALAD (W),TEL.: 288 99 501

# निर्भया केस: दोषी विनय ने जेल में दीवार पर पटका सिर

### वकील का दावा- वह सिजोफ्रेनिया से पीड़ित, अपनी मां को भी नहीं पहचान पाया



**नई दिल्ली।** निर्भया के गुनहगार विनय शर्मा ने फांसी से बचने के सभी कानूनी विकल्प खत्म होने के बाद अब नया पैंतरा चला है। उसके वकील एपी सिंह ने गुरुवार को पटियाला हाउस कोर्ट में अर्जी दायर की। इसमें विनय ने खुद को मानसिक बीमार और सिजोफ्रेनिया से पीड़ित बताया है। वकील ने कोर्ट को बताया कि बुधवार को तिहाड़ में मीटिंग के लिए गए तो विनय अपनी मां और वकील तक को नहीं पहचान सका। पिछली सुनवाई में वकील ने कहा था कि विनय भूख हड़ताल पर है और उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। विनय ने अर्जी में यह भी कहा है कि उसके सिर में गंभीर चोट और दाएं हाथ में फ्रेक्चर है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### अब ऐप बेस्ड बसों ने बढ़ाई बेस्ट की चिंता, सरकार भी कर रही मदद!

**मुंबई।** पिछले कुछ महीनों में मुंबई परिवहन के लिए कोई बेस्ट चीज हो रही है, तो वो है बेस्ट के किराए में कटौती और शेयर टैक्सी वालों की मनमानी पर रोक। इसी दौरान पर्दे के पीछे सरकार की लापरवाही से ऐप बेस्ड प्राइवेट बसों के बिजनेस ने पांव पसारने शुरू कर दिए। मजे की बात है कि इसे सरकार का भी सहयोग मिल रहा है, जबकि बेस्ट परिवहन 50 लाख यात्री प्रतिदिन करने की जुगत में लगा हुआ है।

हाल ही में मोबाइल ऐप के जरिए नाम की कंपनियों ने अपना बिजनेस शुरू किया है। इस प्राइवेट ऑपरेटरों की सेवा लेने के लिए मोबाइल से टिकट बुक कराई जा सकती है। इस तरह की लग्जरी बसें एग्जिक्यूटिव स्तर के लोगों में लोकप्रिय हो रही हैं। मल्टिनैशनल कंपनियां और कॉर्पोरेट्स इन प्राइवेट ऑपरेटरों के टारगेट पर हैं। दूसरी ओर बेस्ट द्वारा शहरभर में सस्ते दामों पर सेवा दी जा रही है। देश की सबसे सस्ती वातानुकूलित बस सर्विस भी दी जा रही है। बेस्ट का मकसद है ज्यादा से ज्यादा लोग सरकारी परिवहन प्रणाली अपनाएं। ऐप बेस्ड बस सर्विस का परिचालन बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, गोरेगांव, पवई, ठाणे, अंधेरी, नवी मुंबई, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, कोलाबा, अंधेरी, नवी मुंबई और विक्रोली जैसे एरिया में हो रहा है। ग्राहकों को घर से दफ्तर तक लाने ले जाने की सर्विस दी जाती है। इसके लिए सामान्य बसों से ज्यादा और ऐप बेस्ड टैक्सी सर्विस से कम किराया वसूला जाता है। इन बसों के ऑपरेटर पॉइंट टू पॉइंट सर्विस के अलावा मल्टि पॉइंट्स पिकअप-ड्रॉप भी कर रहे हैं। एमएमआरडीए सूत्रों के अनुसार, मेट्रो के नए कॉरिडोर शुरू होने के बाद इस तरह की प्राइवेट ऐप बेस्ड बस सर्विस का विस्तार किया जाएगा।

### हिंदमाता-लालबाग को जलजमाव से मिलेगी मुक्ति

**मुंबई।** बरसात में बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करनेवाले परेल के हिंदमाता और लालबाग जैसे इलाकों को अब इससे मुक्ति मिल जाएगी। बरसात में इन इलाकों में पानी न जमा हो, इसके लिए बीएमसी ने अंग्रेजों के जमाने की पानी निकासी व्यवस्था बदल दी है। बीएमसी ने 7 किलोमीटर लंबी पानी निकासी व्यवस्था की जगह 50 मिलीमीटर की पाइपलाइन डालकर पानी निकासी व्यवस्था को आसान बना दिया है। बीएमसी स्ट्रॉम वॉटर ड्रेन डिपार्टमेंट के चीफ इंजिनियर संजय जाधव ने बताया कि इसका काम आखिरी चरण में है। बरसात से पहले यह काम पूरा हो जाएगा। यहां वर्ष 2017 से काम चल रहा था।

जाधव ने बताया कि मुंबई में सीवरेज और बारिश का पानी निकालने के लिए अलग-अलग लाइनें हैं। एफ दक्षिण विभाग के अंतर्गत आनेवाला हिंदमाता क्षेत्र लो लेवल क्षेत्र में आता है। यहां ब्रिटिशकाल में बनाए गए नाले की क्षमता सिर्फ 25 मिलीमीटर पानी निकालने की थी। बीएमसी बरसात का पानी निकालने के लिए त्रिस्तरीय नाले का निर्माण कर रही है, जिससे बरसात के पानी की निकासी क्षमता बढ़कर 50 मिमी हो जाएगी। बाबा साहेब आंबेडकर मार्ग से लगे देवरुखकर मार्ग से मडकेबुवा चौक (परेल) के बीच 750 मीटर लंबी और 900 मीटर चौड़ी तथा 1200 मिमी ऊंचाई की दो लाइनें थीं। नई लाइन 3 हजार मिलीमीटर चौड़ी और 1200 मिलीमीटर ऊंची बॉक्स ड्रेन पद्धति से बनाई जा रही है। इससे पानी का निस्तारण पहले की अपेक्षा दोगुना तेजी से होगा। इस लाइन का निर्माणकार्य 90 प्रतिशत से अधिक हो चुका है।

दूसरी लाइन लालबाग पुलिस चौकी से श्रावण यशवंत चौक तक 3000 मिमी चौड़े और 2700 मिमी उंचाई की लाइन डाली जा रही है। इसका निर्माण माइक्रो टनलिंग पद्धति से किया जा रहा है। इसकी लंबाई 950 मीटर है। इसी तरह महर्षि दयानंद महाविद्यालय जंक्शन से साईबाबा मार्ग जंक्शन तक 800 मीटर लंबे और 1000 मिमी व्यास की भूमिगत लाइन का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। इस गटर का निर्माण कार्य 75 प्रतिशत पूरा हो गया है।

# 33 करोड़ पेड़ कहां लगे, सरकार करेगी जांच

**मुंबई।** बीजेपी सरकार के राज में राज्य भर में बड़े पैमाने पर चलाई गई वृक्षारोपण योजना, जिसमें 33 करोड़ वृक्षारोपण का दावा किया गया है, नई सरकार के निशाने पर है। राज्य की नई महा विकास आघाडी सरकार के वन मंत्री संजय राठौर ने पिछले पांच साल में कितने पेड़ लगे, किस संस्था अथवा महकमे ने कितने पेड़ लगाए, उनमें से कितने अभी जिंदा है, आदि की जांच करने का आदेश दिया है। वन विभाग के प्रधान सचिव इस मामले की जांच करेंगे। इस जांच में सैटेलाइट इमेजिंग सिस्टम की भी मदद ली जाएगी।

महा विकास आघाडी सरकार में मंत्री और कांग्रेस नेता विजय वड्डेटीवार ने इस योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए इसकी जांच की मांग की है। इस बारे में उन्होंने वन मंत्री को पत्र लिखकर जांच की मांग की है। देवेंद्र फडणवीस सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन वन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने सरकार की तरफ से वृक्षारोपण मुहिम चलाई थी। कहा



जा रहा है कि इस पर हर साल तकरीबन एक हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए। चूंकि मुनगंटीवार वित्त और नियोजन मंत्री भी थे, इसलिए इतनी बड़ी रकम इस योजना के लिए बिना किसी मुश्किल के उपलब्ध हो गई। साथ ही, मुनगंटीवार की इस योजना को देवेंद्र फडणवीस का भी आशीर्वाद प्राप्त था। इस योजना के लिए हर सरकारी विभाग को अपने नियत व्यय में से 0.5%रकम वृक्षारोपण पर खर्च करने के लिए कहा गया था। इसमें कई गैर सरकारी संगठनों, एनजीओ आदि को भी शामिल किया था। मंत्री वडेट्टीवार की शिकायत के आधार पर ही जांच के आदेश दिए गए हैं। महा विकास आघाडी सरकार द्वारा जांच का ऐलान होते ही 33 करोड़ वृक्षारोपण योजना के मुख्य कर्ताधर्ता रहे तत्कालीन वन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने वर्तमान वन मंत्री संजय राठौर को पत्र लिखा है। म

ुनगंटीवार ने अपने पत्र में लिखा है कि चंद्रपुर जिले के पालक मंत्री विजय वडेट्टीवार की शिकायत के आधार पर आपने जांच का आदेश दिया है, मैं इस जांच का स्वागत करता हूं, क्योंकि अगर किसी के मन में शंका है, तो वह दूर होनी चाहिए। अपने पत्र में मुनगंटीवार ने इस मामले की जांच वन विभाग के प्रधान सचिव के बजाए सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में जांच समिति गठित कर उससे कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि महा विकास आघाडी सरकार को इस पर श्वेत पत्र भी जारी करनी करना चाहिए।

# मामूली विवाद और जोमैटो डिलिवरी बॉय का कर दिया मर्डर

**मुंबई।** मुंबई के उपनगर पवई में मंगलवार देर रात जोमैटो के एक डिलिवरी बॉय से मामूली विवाद के बाद एक फल विक्रेता ने कथित तौर पर उसकी पर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि फल विक्रेता सचिन दिनेश सिंह (20) और उसके साथी जितेंद्र हरिराम (32) को घटना के कुछ घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया।



पुलिस उपायुक्त (जोन-10) अंकित गोयल ने बताया कि पवई के एक होटल के बाहर सचिन का फल का ठेला लगाने को लेकर मंगलवार रात 12 बजकर 30 मिनट पर डिलिवरी बॉय अमोल भास्कर सूरतकर (30) से झगड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि सिंह ने गुस्से में आकर सूरतकर को कथित रूप से चाकू मार दिया। इससे सूरतकर के हृदय और पेट में गंभीर चोट आई। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी सिंह ने घटना के बाद फरार होकर उत्तर प्रदेश में अपने पैतृक स्थान जाने का प्रयास किया लेकिन उसे कुर्ला स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में उसके साथी को भी पकड़ लिया गया। मारा गया युवक पवई के इंदिरा नगर इलाके का रहने वाला था और ऑनलाइन खाद्य पदार्थों की डिलिवरी करने वाली कंपनी जोमैटो मे काम करता था। उन्होंने बताया कि उनके बीच ठेला खड़ा करने के स्थान को लेकर पहले भी कई बार बहस हो चुकी थी।

## ई-टिकट घोटाले में रेलवे चाहती है एफआईआर

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे के विजिलेंस विभाग द्वारा इंडियन रेलवे कैटरिंग ऐंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) को पत्र लिखकर ई-टिकट की धांधली वाले मामलों में एफआईआर दर्ज कराने की मांग की गई है। सूत्रों के अनुसार, रेलवे ऐक्ट 143 के तहत होने वाली कार्रवाई में कम सजा मिलने के कारण ई-टिकट दलालों पर अंकुश नहीं लग रहा है। विजलेंस की ओर से लिखे गए पत्र के मुताबिक, गत वर्ष नवंबर माह में कच्छ के एक दलाल सहित ई-टिकट फ्रॉड का एक बड़ा रैकेट पकड़ा गया था। इस गिरोह द्वारा अवैध तरीके से 292 पीएनआर जनरेट कर 1692 यात्रियों की टिकट बुक की गई थीं।

# रक्तदान से लेकर रैली तक, मुस्लिमों ने यूं मनाई छत्रपति शिवाजी की जयंती

**मुंबई।** रक्तदान से लेकर रैली तक, मुस्लिमों ने यूं मनाई छत्रपति शिवाजी की जयंतीछत्रपति शिवाजी की जयंती के मौके पर देशभर में विभिन्न आयोजन हुए। महाराष्ट्र में 'हिंदवी स्वराज्य' के संस्थापक शिवाजी की जयंती को लेकर विभिन्न समुदाय से जुड़े लोगों ने अलग-अलग तरह के आयोजन किए। इन आयोजनों में मुस्लिम समुदाय के पुरुषों एवं महिलाओं की भी बड़ी संख्या देखने को मिली।

महाराष्ट्र के कोपरगांव के विधायक आशुतोष काले ने अपने समर्थकों के साथ खड़की में शिवाजी की प्रतिमा का अभिनन्दन करने के बाद स्वराज्य निर्माण प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित शिवजन्मोत्सव समारोह में आरती की। शिवाजी जयंती के मौके पर शहर में सेवा फाउंडेशन की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में मुस्लिमों ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया।

महाराष्ट्र के सांगली में शिवाजी जयंती के के



मौके पर आधी रात को ही लोगों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। इस दौरान भी मुस्लिम महिलाओं की बड़ी संख्या देखने को मिली। शिवाजी के भक्तों ने जन्मोत्सव कार्यक्रम के बाद छत्रपति का अभिवादन किया। जिले में एक अन्य स्थान पर मुस्लिम युवकों ने रक्तदान शिविर का आयोजन करते हुए सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया।

उस्मानाबाद के गाजीपुरा स्थित दरगाह परिसर छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। इस दौरान हिंदू-मुस्लिमों ने एकसाथ रक्तदान किया। मुस्लिमों का कहना था कि शिवाजी का संबंध किसी धर्म से नहीं है, बल्कि वह महाराष्ट्र समेत पूरे देश के गौरव हैं। महाराष्ट्र के सोलापुर में भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई।

इस मौके पर मुस्लिम समुदाय की एक महिला ने कहा कि हम सभी को एक ही नजर से देखा जाए, चाहे हम किसी भी धर्म के क्यों न हों। राज्य के लातूर जिले के औला में भी शिवाजी जयंती पर मुस्लिमों के द्वारा विभिन्न आयोजन किए गए। मुस्लिमों ने इस दौरान हाथ में भगवा और हरा झंडा लेकर रैली निकाली और एकता का संदेश दिया। जानकारी के मुताबिक, बीते 10 साल से मुस्लिम समाज के लोग शिवाजी जयंती पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# शिव जयंती पर पवार से बोले सीएम उद्धव ठाकरे- पहले ही आना चाहिए था साथ, इतने साल व्यर्थ गंवाए

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज की बुधवार को जयंती के अवसर पर शिवनेरी किले पर सरकार की तरफ से शिव जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत महाविकास आघाडी सरकार के कई मंत्री तथा बड़ी संख्या में शिव प्रेमी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में उद्धव ठाकरे ने अजित पवार को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोगों ने बीच के इतने साल यूं ही व्यर्थ गंवा दिए। बिना वजह के इतने साल अलग-अलग रहे। पहले ही एक साथ आना चाहिए था। अब जब एक साथ आए हैं, तो कुछ अच्छा करते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज और जिजामाता को साक्षी मानकर यह शपथ लेता हूं कि अब अच्छा किए बिना शांत नहीं बैठेंगे।

इसके बाद अजित पवार ने भी अपने भाषण में कहा कि राज्य की जनता को यह लग रहा है कि महाविकास



आघाडी की सरकार के रूप में महाराष्ट्र में जनता का राज लौट आया है। यही वजह है कि इस बार शिवनेरी किले पर हर बार से ज्यादा भीड़ है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने सभी समाजों के विकास की राह दिखाई है। इसी राह पर राज्य की महा विकास आघाडी सरकार चल रही है। शिवनेरी परिसर का विकास पैसे की कमी की वजह से लंबित न हो, इसलिए 23 करोड़ रुपये का फंड मंजूर किया गया है।

मुंबई में शिव जयंती पर राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने शिवाजी पार्क स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारूढ़ प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके साथ महापौर किशोरी पेडणेकर भी थीं।

मुंबई कांग्रेस मुख्यालय में भी शिवजयंती मनाई गई। अध्यक्ष एकनाथ गायकवाड ने सर्वप्रथम पुष्पहार अर्पित किया। उसके बाद कांग्रेस पदाधिकारियों और नेताओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।


## मुंबई में एक साल में हादसों ने लीं 179 जानें

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में वर्ष 2019 में 179 लोगों को विभिन्न दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवानी पड़ी। मुंबई में पिछले वर्ष 13,150 दुर्घटनाओं में 179 लोगों की मौत हुई और 722 लोग घायल हुए। शकील अहमद शेख को आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार, 1 जनवरी से दिसंबर 2019 तक हुई विभिन्न दुर्घटनाओं में 132 पुरुष और 47 महिलाओं की मौत हुई। साथ ही 722 लोग घायल हुए, जिसमें 465 पुरुष और 257 महिलाएं शामिल हैं। इन दुर्घटनाओं में नालों में गिरने, खुले मेनहोल में गिरने, आग, इमारतों से गिरने जैसी दुर्घटनाएं शामिल थीं। समुद्र, नाले, मेनहोल में गिरने की 128 घटनाएं हुई थी, जिसमें कुल 62 लोगों की मौत हुई थी। इसमें 56 पुरुष और 6 महिलाएं शामिल थी।

## मुंबई के दो होटलों को उड़ाने की धमकी, लिखा- लश्कर-ए-तैयबा से बोल रहे

**मुंबई।** मुंबई के दो होटलों और मीरा-भाईंदर के 7/11 क्लब को आतंकी संगठन लश्करे-ए-तैयबा ने बम से उड़ाने की धमकी दी है। ई-मेल भेजने वाले ने होटलों और क्लब को बम से न उड़ाने के एवज में वर्चुअल करंसी 100 बिटकॉइन (लगभग सवा सात करोड़ रुपये) मांगी है। आतंकवाद निरोधी दस्ते सहित अन्य एजेंसियों ने तुरंत हरकत में आकर जांच शुरू कर दी है।

बुधवार शाम मीरा-भाईंदर के कनकिया परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब 7/11 क्लब परिसर के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल दिखा। इस क्लब को एक-ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने इसे चारों ओर से घेर लिया। क्लब के मालिक मीरा-भाईंदर के पूर्व भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता हैं। मीरा-रोड डिविजन के उपविभागीय पुलिस अधिकारी शांताराम वलवी ने बताया, हमने क्लब और उसके परिसर की गहन जांच की है। फिलहाल कुछ नहीं मिला है। उन्होंने कहा, मुंबई के दो होटलों को भी ऐसे ईमेल आए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मियों को 7/11 क्लब परिसर पर तैनात कर दिया



गया है।

आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के नाम से ये ईमेल 19 फरवरी को भारतीय समयानुसार तड़के 3:15 बजे आए। इनमें 24 घंटे के भीतर होटलों और क्लब को मानव-बम से उड़ाने की धमकी दी गई। ईमेल में रकम मांगी गई और रकम न देने पर होटल के कर्मचारियों को मारने की धमकी भी दी गई। यह जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस, बम-निरोधक दस्ता और साइबर सेल हरकत में आ गए। ईमेल भेजने के लिए गुरिल्ला डॉटकॉम प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। यह ईमेल पनामा से जेनरेट हुआ है। साइबर विषयों के जानकार धीरज मिश्रा बताते हैं कि यह मास-मेलर है और इसके इस्तेमाल से एक साथ बहुत से मेल भेजे जा सकते हैं। ईमेल में वर्चुअल वॉलेट के ओपन अकाउंट से बिटकॉइन देने को कहा गया है।

## परोल की छुट्टी से फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, लाखों के जाली नोट बरामद

मुंबई। महाराष्ट्र के भिवंडी इलाके में डकैती के एक मामले में 10 साल की सजा काट रहा एक शातिर अपराधी परोल पर मिली छुट्टी में फरार हो गया था। उसके खिलाफ नवी मुंबई और डोंबिवली में विभिन्न मामले दर्ज हैं। भिवंडी अपराध शाखा की पुलिस ने उसे कल्याण से गिरफ्तार कर उसके पास से एक लाख 96 हजार रुपये (500 रुपये की पुरानी नोट) बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले का रहने वाले मो. शरीफ उर्फ बाबा अब्दुल कादरी (43) को निलजे रेलवे स्टेशन पर हुई 55 लाख की डकैती के मामले में 10 साल की सजा हुई थी, जिसके लिए वह नासिक जेल में बंद था। साल 2014 में नासिक जेल से वह परोल पर बाहर आया था। परोल पर बाहर आने के बाद वह फरार हो गया था, जिसकी तलाश पुलिस कर रही थी। भिवंडी अपराध शाखा की पुलिस को सूचना मिली कि परोल से मो. शरीफ कादरी टिटवाला के बनेली गांव में छिपकर रहता है।

वह कल्याण स्थित अपने किसी रिश्तेदार से मिलने के लिए भी आता रहता है। ठाणे के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) प्रवीण पवार के मार्गदर्शन में भिवंडी अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शीतल राउत के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक अशोक होनमाने, सहायक पुलिस निरीक्षक महेंद्र जाधव, रविंद्र पाटील, अब्दुल लतीफ मंसूरी, किशोर माने, राजेंद्र अल्हाट, सुधाकर चौधरी सहित अन्य पुलिस कर्मियों की टीम ने उसे कल्याण से गिरफ्तार कर लिया।

## पैदल यात्री को कुचलने वाली महिला को क्लीन चिट, कोर्ट में साबित नहीं हुए आरोप

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में कोर्ट ने गैर-इरादतन हत्या की आरोपी महिला को क्लीन चिट दे दी। महिला पर आरोप था कि उसने अपनी गाड़ी से एक पदयात्री को कुचल दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। कोर्ट ने कहा कि जांच में यह बात सामने आई कि मृत पदयात्री ग्रीन सिग्नल होने पर सड़क पार कर रहा था और अचानक से आरोपी महिला की गाड़ी के सामने आ गया था।

घटना 22 जनवरी 2011 की है, जब एक गाड़ी की चपेट में आने से मरीन ड्राइव इलाके में एक पदयात्री सदानंद भातड़े की मौत हो गई थी। इसके बाद गाड़ी



चालक 65 वर्षीय महिला कल्पना मर्चेंट पर तेज गति से गाड़ी चलाने और गैर-इरादतन हत्या के मामले में केस दर्ज किया गया था। इस मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि जांच में यह पाया गया कि आरोपी कल्पना मर्चेंट घटना के दौरान तेज गाड़ी नहीं चला रही थीं और हादसा पदयात्री के ग्रीन सिग्नल होने पर भी अचानक सड़क पार करने से हुआ।

घटना के एक प्रत्यक्षदर्शी ने कोर्ट को बताया कि वह और आरोपी महिला दोनों मिडिल लेन में अपनी गाड़ी सामान्य गति से चला रहे थे। उन्होंने आगे बताया कि मृतक पदयात्री सदानंद ने ग्रीन सिग्नल होने के बावजूद सड़क पार करने की कोशिश की और अचानक से दायीं ओर से गाड़ी के सामने आ गया। गाड़ी की टक्कर से वह वहीं गिर पड़ा और बेहोश हो गया। पुलिस ने सदानंद को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई।

## राज्यसभा और विप के लिए लॉबिंग तेज

**मुंबई।** आने वाले महीनों में राज्यसभा और विधान परिषद की खाली हो रही सीटों के लिए महाराष्ट्र की राजनीति में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस साल अप्रैल से जुलाई के बीच महाराष्ट्र विधान परिषद की 22 सीटें खाली होने जा रही हैं। वहीं अप्रैल में महाराष्ट्र से भरी जाने वाली राज्यसभा की 7 सीटें खाली हो रही हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव के बाद बदले राजनीतिक समीकरणों के तहत होने वाले इन चुनावों का गणित कौन कैसे सेट करेगा यह देखना दिलचस्प होगा।

78 सदस्यों वाली राज्य विधान परिषद में इस समय भाजपा का बहुमत है। मौजूदा विधान परिषद में भाजपा के 22 सदस्य हैं, जिसके बाद राकांपा के 15, कांग्रेस के 13 और शिवसेना के 13 सदस्य हैं। लोक भारती, पीडब्ल्यूपी और आरएसपी के पास एक-एक सीट और छह निर्दलीय सदस्य हैं। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे इस समय विधान मंडल के दोनों सदनों में से किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं।

# तिरंगे को बचाने के लिए आग लगी बिल्डिंग में 9 मंजिल तक चढ़ा कर्मचारी, उद्धव ने किया सम्मानित

**मुंबई।** सोमवार को मझगांव में जीएसटी भवन में लगी आग के दौरान जान पर खेलकर तिरंगे को बचाने वाले जीएसटी कर्मचारी कुणाल जाधव को बुधवार को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सम्मानित किया। उद्धव ने कुणाली को गेस्ट हाउस 'सह्याद्री' में बुलाया और मंत्रिमंडल की बैठक के बाद शॉल, श्रीफल और शिवाजी महाराज की तस्वीर देकर सम्मानित किया। सोमवार को जीएसटी भवन के 8वें फ्लोर पर दोपहर करीब 12.30 बजे भीषण आग लग गई थी। आग लगने की जानकारी जैसे ही



कर्मचारियों को हुई सभी बाहर की ओर भागने लगे। आग लगने के बाद कुणाल जाधव दमकल कर्मियों के साथ पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को निकलवा रहे थे। इसी दौरान नीचे से उन्होंने बिल्डिंग की छत पर तिरंगा लहराता हुआ देखा। इसके बाद वे अपनी जान की परवाह नहीं करते हुए पूरे 9 फ्लोर को क्रॉस करके छत पर गए और तिरंगे को नीचे उतारा। जाधव जब तक ऊपर पहुंचे आग बढ़ने लगी। इसके बाद उन्होंने तिरंगे को अपने सीने में दबाया और नीचे की ओर भागे।

**मंत्री अशोक चव्हाण ने ट्विटर पर शेयर की जाधव की कहानी:** दमकल कर्मियों के मुताबिक, अगर थोड़ी और देर हो जाती तो जाधव छत पर फंस सकते थे और कोई अनहोनी हो सकती थी। जाधव जैसे ही नीचे उतरे जीएसटी कर्मचारियों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। यह मामला मंत्री अशोक चव्हाण तक पहुंचा। चव्हाण ने भी जाधव की बहादुरी को सलाम करते हुए उनकी कहानी अपने ट्विटर पेज पर पोस्ट की। इसके बाद जाधव की बहादुरी का किस्सा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

## चंद्रपुर में कार और ट्रक की टक्कर में 6 की मौत, 7 लोग घायल

संवाददाता

**चंद्रपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर के मूल इलाके में बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई है। यहां सड़क किनारे खड़े ट्रक को पीछे से आ रही स्कोर्पियो कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कोर्पियो के अगले



हिस्से के परखच्चे उड़ गए। जिसमें स्कोर्पियो में सवार यात्रियों में से कुल 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक बच्ची की भी मौत हुई है जबकि 7 अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों का इलाज चंद्रपुर जिला अस्पताल में जारी है। जहां दो की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, स्कोर्पियो में सवार सभी यात्री गोंदिया जिले में एक धार्मिक आयोजन से लौट रहे थे। रात तकरीबन 10 बजे के आसपास मूल के पास स्कोर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी।

## लाभ का पद विवाद से बचने के लिए कैबिनेट मंत्री का दर्जा पाने वाले दो शिवसेना नेताओं ने दिया इस्तीफा

**मुंबई।** 24 फरवरी को शुरू होने जा रहे बजट सत्र से ठीक पहले कैबिनेट मंत्री का दर्जा पाने वाले शिवसेना के दो बड़े नेताओं ने लाभ के पद के आरोप से बचने के लिए इस्तीफा दे दिया है। इनमें शिवसेना सांसद अरविंद सावंत और विधायक रविंद्र वायकर शामिल हैं। हालांकि, दोनों के इस्तीफे पर अंतिम फैसला होना अभी बाकी है। उद्धव ने 14 फरवरी को अरविंद सावंत को राज्य की संसदीय समन्वय समिति का प्रमुख नियुक्त किया था। तीन सदस्यीय इस कमेटी का गठन खुद मुख्यमंत्री की ओर से किया



गया था जिसके प्रमुख सावंत को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया था। वहीं शिवसेना विधायक रविंद्र वायकर को मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रमुख समन्वयक बनाया गया जिसे कैबिनेट मंत्री के बराबर का दर्जा हासिल था। वायकर को राज्य में जरूरी विकास परियोजनाओं के लिए फंड आवंटन का जिम्मा मिला था जिसमें वह जनप्रतिनिधियों और सीएम उद्धव के बीच कड़ी का काम कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, उद्धव ठाकरे सरकार को संदेह है कि आगामी बजट सत्र में इस बात का मुद्दा बनाकर भाजपा विवाद खड़ा कर सकती है। बजट सत्र शांतिपूर्ण ढंग से चले इसलिए उद्धव के निर्देश पर दोनों मंत्रियों ने अपना इस्तीफा भेज दिया है।

## जनरल डायर की तरह बर्ताव कर रहे योगी आदित्यनाथ: नवाब मलिक

**मुंबई।** नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शनकारियों की मौत पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर एनसीपी नेता और महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नवाब मलिक ने पलटवार किया है। नवाब ने सीएम योगी की तुलना जनरल डायर से कर दी है। मलिक ने कहा, 'जिस तरह से आदित्यनाथ जी ने कहा 'मरने को आएंगे तो जिंदा कैसे जाएंगे', उसे लोकतंत्र में कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि लोगों को विरोध करने का अधिकार है, इसके बावजूद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ जनरल डायर की तरह बर्ताव कर रहे हैं, इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। आपको बता दें कि योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि जो मरना चाहता है, उसे बचाने के लिए कुछ नहीं किया जा सकता है। सीएम योगी ने यह भी कहा था कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन के दौरान दंगाइयों ने गोली चलाई और उन्हीं की गोली से प्रदर्शनकारियों की मौत हुई।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### कांग्रेस में 'परिवार' पर छिड़ी लड़ाई

शशि थरूर और संदीप दीक्षित के बयान पर संजय निरुपम ने कहा, गांधी परिवार से बाहर का कोई भी नेता इस समय कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता है। राहुल गांधी इकलौते ऐसे नेता हैं, जो कांग्रेस का नेतृत्व कर सकते हैं और उसे बचा सकते हैं। हमारे नेता सिर्फ गुटों के नेता हैं और ऐसे नेता सिर्फ गुटबाजी को बढ़ावा देंगे। आपको बता दें कि पिछले ही हफ्ते अरविंद केजरीवाल की तारीफ करने को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा अपनी ही पार्टी के नेता अजय माकन के निशाने पर आ गए थे। बताते चलें कि दिल्ली चुनाव में फिर से जीरो पर सिमटने के बाद कांग्रेस पार्टी में उठापटक शुरू हो चुकी है। इसी को लेकर दिल्ली की पूर्व सीएम के बेटे और पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने भी सवाल उठाए हैं। संदीप दीक्षित ने कहा है कि कई महीनों के बाद भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नया अध्यक्ष नहीं चुन सके हैं। पार्टी के सीनियर नेताओं के बारे में संदीप दीक्षित ने कहा कि कभी-कभार आप निष्क्रियता चाहते हैं क्योंकि आप नहीं चाहते हैं कि कुछ हो। इससे पहले शशि थरूर ने संदीप दीक्षित की बात का समर्थन करते हुए ट्वीट किया था, संदीप दीक्षित ने जो कहा है वह देशभर में पार्टी के दर्जनों नेता निजी तौर पर कह रहे हैं। इनमें से कई नेता पार्टी में जिम्मेदार पदों पर बैठे हैं। मैं सीडब्ल्यूसी से फिर आग्रह करता हूं कि कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करने और मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए नेतृत्व का चुनाव कराएं।

राममंदिर निर्माण पर बोले शरद पवार...

सरकार सबकी, सभी मजहब वालों की है। राकांपा प्रमुख ने आगे कहा, भाजपा एक के बाद राज्यों में चुनाव हारती गई, चाहे मध्य प्रदेश हो, राजस्थान हो या दिल्ली। दिल्ली में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी जुटे। भाजपा नेताओं की ड्यूटी लगाई गई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार में लगाए गए थे। पवार ने कहा, आज किसान आत्महत्या करने पर मजबूत हो रहे हैं। खाद और तेल के दाम बढ़ रहे हैं। बैंकों और साहूकारों का पैसा वापस नहीं कर पाने की स्थिति में बेइज्जती से बचने के लिए किसान आत्महत्या कर लेते हैं। यह देश का दुर्भाग्य है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में हर क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ी। बेरोजगारी रहेगी तो मुल्क में शांति कैसे रहेगी। आज का नौजवान रोजी रोटी के लिए दूसरे राज्यों का रूख करता है। ये स्थिति ठीक नहीं है। सरकार जवाब दे कि बेरोजगारी कैसे जाएगी।

### निर्भया केस: दोषी विनय ने जेल में दीवार पर सिर पटका

इसलिए उच्चस्तरीय चिकित्सा जांच के लिए आईएचबीएएस हॉस्पिटल में भर्ती कराया जाए। वकील ने इसके लिए तिहाड़ जेल प्रशासन को निर्देश जारी करने की मांग की। इस पर कोर्ट ने जेल अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। अगली सुनवाई 22 फरवरी को होगी। विनय ने शनिवार को तिहाड़ के कड़ी सुरक्षा वाले सेल में दीवार पर सिर पटककर खुद को घायल करने की कोशिश की थी। उसकी हरकत को देखकर वहां पहुंचे सुरक्षाकर्मियों ने उसे गंभीर रूप से घायल होने से बचा लिया। जानकारी के मुताबिक, घटना के बाद जेल के अस्पताल से डॉक्टर को उसके सेल में ही बुलाया गया। डॉक्टर ने उसके सिर पर पट्टी की। विनय पहले भी जेल में आत्महत्या की कोशिश कर चुका है।

### मुंबई में एक साल में हादसों ने लीं 179 जानें

समुद्र, नाले, मेनहोल में गिरने की 128 घटनाएं हुई थी, जिसमें कुल 62 लोगों की मौत हुई थी। इसमें 56 पुरुष और 6 महिलाएं शामिल थी। घरों की दीवार, इमारतों के गिरने की कुल 1003 घटनाएं हुई थीं, जिसमें 31 पुरुषों और 26 महिलाओं सहित कुल 57 लोगों की मौत हुई थी। शार्ट सर्किट व आग की कुल 5254 घटनाएं सामने आईं, जिसमें 24 पुरुषों और 14 महिलाओं सहित 38 लोगों की मौत हो गई थी। पेड़ या पेड़ों की डाल गिरने की कुल 4937 घटनाएं हुई थीं, जिसमें 7 पुरुषों और 1 महिला सहित कुल 8 लोगों की मौत हुई थी। 14 पुरुषों और 6 महिलाओं सहित कुल 21 लोग घायल हुए थे। इसके अलावा सड़क 97 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं, जिसमें कुल 13 लोगों की मौत हुई थी।



## बच्चों के लिए खेल कुद का मैदान आरक्षित करने हेतु सांसद गोपाल शेट्टी को मनमोहन गुप्ता ने दिया ज्ञापन

**गांधी** विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन गुप्ता ने बोरिवली के सोडावाला लेन मुनिसीपल शाळा के पास सफाईकर्मी आफिस की जमीन को बच्चों के लिए खेल कुद का मैदान आरक्षित करने हेतु स्थानीय सांसद गोपाल शेट्टी जी को एक ज्ञापन दिया। पत्र द्वरा मनपा आर सी वार्ड आफिसर को भी इसकी जानकारी दी गयी। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन गुप्ता ने क्षेत्रीय सांसद श्री गोपाल शेट्टी एवं वार्ड आफिसर से अपेक्षा करते है कि उचित कार्रवाही करते हुए उपरोक्त प्लॉट को खेल कुद के मैदान के लिए आरक्षित किया जाये। जिससे बच्चों को भविष्य उज्जवल बन सके।

## श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य प्रधानमंत्री मोदी से मिले, मंदिर निर्माण के भूमि पूजन का न्योता दिया

**अयोध्या** के राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट के सदस्यों ने पहली बैठक के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की अगुवाई में सभी सदस्य प्रधानमंत्री से मिलने उनके आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पहुंचे। मुलाकात के बाद ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने कहा- ट्रस्ट के सदस्यों की प्रधानमंत्री से शिष्टाचार भेंट हुई। हमने उन्हें श्रीराम मंदिर निर्माण के भूमि पूजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र निर्माण ट्रस्ट की पहली बैठक बुधवार को हुई थी। चंपत राय ने कहा- ट्रस्ट की दूसरी बैठक अयोध्या में 3 और 4 मार्च को होगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने हस्ताक्षर के अधिकार ट्रस्टी अनिल मिश्रा को दिए हैं। मिश्रा ही इस बैठक के बारे में अंतिम फैसला लेंगे। बुधवार को राम जन्मभूमि ट्रस्ट के प्रमुख के पाराशरण के घर पर हुई बैठक में राम जन्मभूमि न्यास के महंत नृत्य गोपाल दास को अध्यक्ष और विश्व हिंदू परिषद के चंपत राय को महासचिव चुना गया। गुरू पांडुरंग अठावले के शिष्य स्वामी गोविंद देव गिरि कोषाध्यक्ष बनाए गए। मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन पूर्व कैबिनेट सचिव नृपेंद्र मिश्र होंगे। बैठक में कुल 9 प्रस्ताव पारित किए गए। इस बैठक में लिए जाने वाले फैसलों के बारे भास्कर ने सबसे पहले जानकारी दी थी।





## यह है मेरा भारत, भारत की अनमोल धरोहर

**यह** तस्वीर मेरे भारत की भाई चारगी और अपनत्व में सभी सीमाएं तोड देने वाली घटना है। इस तस्वीर में सफेद कमीज में दिख रहें व्यक्ति का नाम अब्दुल्लाह है और बुर्के में खड़ी महिला का नाम खदीजा है, केरल के कासरगोड के रहने वाले इस मुस्लिम दंपति ने एक हादसे में अपने माता-पिता को खो चुकी एक हिंदू लड़की को वर्षो पहले गोद लिया था। यह लड़की उस समय 10 साल की थी, जब इसके सर से इसके माता-पिता साया सर से उठ गया। अब वह लड़की 22 वर्ष की है, उसके गोंद लिए माता-पिता अब्दुल्लाह व खदीजा ने,धर्म और नफरत की सभी दीवारें तोडकर, बच्ची की सभी हिंदू रीति-रिवाजों के साथ उसकी शादी, एक हिंदू लड़के से बड़ी धूमधाम से कर दी। समाज में नफरत चाहे जितनी पाल लिया जाए,लेकिन मानवता के लिए नफरत को तार-तार करने वाली ऐसी खबरें ही मेरे भारत का गहना है।

## इमरान बाबू कुरैशी बने उपाध्यक्ष




**ऑल** इंडिया जमिएतुल कुरैश संस्था के अध्यक्ष सिराजुद्दीन कुरैशी ने समाजसेवक इमरान बाबू कुरैशी को ऑल इंडिया जमिएतुल कुरैश संस्था का उपाध्यक्ष बनाया है। इमरान बाबू कुरैशी अपने नेक कामों के लिए जाने जाते हैं। इस नियुक्ति पर कुरैशी समाज के बुद्धिजीवियों ने इमरान बाबू कुरैशी को हार्दिक बधाई दी। इमरान बाबू कुरैशी ने कहा कि वे कुरैशी समाज के हित में काम करेंगे और संस्था ने जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसे बखूबी निभाएंगे।

चुनावी हलफनामे में दो आपराधिक मामले छिपाने का मामला

## जिला अदालत ने 15 हजार के पीआर बांड पर देवेंद्र फडणवीस को दी जमानत



**महाराष्ट्र** के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस 2014 के आमचुनाव में नामांकन के वक्त अपने खिलाफ दर्ज और लम्बित दो आपराधिक मुकदमे की जानकारी छिपाने के एक केस में गुरुवार को नागपुर की जिला अदालत में पेश हुए। जहां अदालत ने उन्हें 15 हजार के पीआर बांड पर जमानत दी है। इस मामले में पेशी से बचने के लिए पूर्व सीएम ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया है। जिसपर सुनवाई करते हुए अदालत ने 17 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत से बाहर आकर देवेंद्र फडणवीस ने कहा, आज मुझे अदालत ने चुनावी हलफनामे के एक मामले में सम्मन किया था। मैं कोर्ट में हाजिर हुआ और अदालत ने पीआर बांड पर मुझे अगली तारीख दी है। और मेरी प्यार बॉन्ड की अर्जी को स्वीकृत किया है। मूल रूप से 93 से 98 के बीच के यह दो कैसे थे और हमने एक झुग्गी झोपड़ी को बचाने के लिए आंदोलन किया था। उस आंदोलन में मेरे ऊपर दो प्राइवेट केस डाले गए थे। वह कैसे सेटल भी हो गए थे, अब वह केस मेरे पर नहीं है। फडणवीस ने आगे कहा, मेरे ऊपर आरोप लगाया गया कि मैंने 2014 के एफिडेविट में इन मुकदमों को छिपाया। मैं लोवर कोर्ट में जीता, हाईकोर्ट में जीता लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने फिर से इसे लोवर कोर्ट में सुनवाई के लिए भेज दिया इसलिए मैं वहां आज हाजिर हुआ था। पूर्व सीएम ने आगे कहा-मेरे ऊपर आज तक जो भी कैसे हुए हैं वह सभी आंदोलनों में हुए हैं और कोई भी व्यक्तिगत केस नहीं है। यह सारे लोगों के कारण ही हुए हैं इसलिए उन्हें छुपाने का कोई मतलब नहीं था। अगर मैंने बाकी कैस के बारे में बताया है तो इन दो केसों को छुपाने का कोई मतलब नहीं है। मेरे वकील ने जो एफिडेविट तैयार किया है और बाकी हम अपना सारा पक्ष अदालत के सामने रखेंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि अदालत हमें न्याय देगा।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर की थी पुनर्विचार याचिका

हालांकि, इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने फडणवीस को झटका देते हुए ट्रायल का सामना करने का आदेश दिया था। जिसके खिलाफ उन्होंने पुनर्विचार याचिका दायर की थी। इस याचिका पर दलील देते हुए फडणवीस के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा था कि फडणवीस ने नामांकन के वक्त पर्चों में ऐसा कोई मामला या जानकारी नहीं छुपाई जिसमे कोर्ट ने संज्ञान लिया हो। इस पर जस्टिस दीपक गुप्ता ने कहा कि क्या आपके खिलाफ सारे लम्बित और दर्ज मामलों की सारी जानकारी देना जरूरी नहीं था? आपको नहीं लगता कि क्या सब कुछ साफ साफ बताना जरूरी था? इस पर मुकुल रोहतगी ने कहा कि कानून में ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। मुकदमा दर्ज कराने वालों ने आरपी एक्ट के प्रावधानों को बदले की भावना से गलत नजरिए से पेश किया।

## फिल्म कलाकारों ने चिल्ड्रन वेलफेयर सेंटर हाई स्कूल वार्षिक महोत्सव में अपने-अपने विचार व्यक्त किये और बच्चों को सलाह दिया









**चिल्ड्रन** वेलफेयर सेंटर हाईस्कूल एवं क्लारास कॉलेज ऑफ कॉमर्स के 39वां वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों एवं स्कूल के प्रिंसिपल अजय कौल के हाथों दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इस दरम्यान विद्यार्थियों ने जबरदस्त नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर कई एक्टर, फिल्म, टीवी एक्टर एवं एक्ट्रेस उपस्थित रहे। इस दौरान कॉलेज के होनहार छात्रों को अतिथियों तथा प्रिंसिपल ने पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। फिल्म कलाकारों ने निम्न रूप से अपने अपने विचार व्यक्त किये...

जीवन में तरक्की करने के लिए आप वही लक्ष्य निर्धारित करें,जिसमें आपकी रुचि हो। आप किसी पारिवारिक दबाव में या उनकी परम्परा को निभाने वाला कैरियर न चुनें। मैं फिल्म बैकग्राउंड के कारण नहीं बल्कि मेरा इसमें लगाव था इसलिए अभिनेत्री बनी।

**– करिश्मा कपूर,फिल्म अभिनेत्री**

ज्ञान ऐसी चीज है, जिसे कोई छीन नहीं सकता है, इसके बल पर आप जीवन की ऊंचाईयों पर पहुंच सकते हैं। पैसा आता जाता रहता है,लेकिन ज्ञान एक वो पूंजी है जो हमेशा आपके पास, आपके साथ रहती और आपके काम आती है। बच्चों की प्रस्तुति देखकर मुझे अपने कॉलेज के दिन याद आ गए। इनके कोरियोग्राफर और इस संस्था को धन्यवाद एवं शुभकामनाएं देती हूं।

**–सोनाली बेंद्रे, फिल्म अभिनेत्री**

इस संस्था को बहुत-बहुत बधाई,जिसने एक अविश्वसनीय सफलता के साथ ३९ साल की यात्रा तय की। शिक्षा जीवन का एक अभिन्न अंग है, इसलिए हर मां-बाप अपने बच्चों को शिक्षित करें। बच्चे ज्यादेतर देख कर सीखते हैं,अतः आप अपने घर या आस-पास के लोगों के साथ अच्छा बर्ताव करें,जिससे बच्चों के अंदर भी वैसा कार्य करने की प्रवृत्ति निर्माण हो।

**–सुनील शेट्टी, फिल्म अभिनेता**

किसी भी क्षेत्र में जाने के लिए पढ़ाई जरूरी है। ऐसा नहीं कि अभिनेता बनना है,तो बिना शिक्षा के काम चल सकता है। जीवन में ऐसे अनेक अवसर आते हैं,जहां शिक्षा की आवश्यकता पड़ती है। इसलिए हर विद्यार्थी सिर्फ पेशे के लिए ही नहीं बल्कि व्यवहारिक ज्ञान के लिए भी शिक्षा ग्रहण करें। **– कृष्णा अभिषेक, कॉमेडियन, फिल्म अभिनेता**

## अगले चुनाओं के पहले चुनाओं में सुधार व सख्ती जरुरी


अशोक भाटिया

**अब** जल्द ही बिहार एवं बंगाल विधान सभा के चुनाव होने जा रहे है उसके पहले अब तक की चुनावी घटनाओं को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग को कई कोणों से इसमे सुधार व सख्ती बढ़ानी पड़ेगी। पिछले दिनों हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी आपराधिक छवि के उम्मीदवारों की संख्या बढ़ने के साथ चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए इस्तेमाल होने वाली अवैध सामग्री का मामला भी पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ता नजर आया। चुनाव आयोग के मुताबिक पिछले चार विधानसभा चुनावों में गंभीर आपराधिक मामलों में फंसे उम्मीदवारों की हिस्सेदारी 2008 के विधानसभा चुनाव में चार फीसदी से बढ़कर इस बार के चुनाव में 15 फीसदी हो गई है। यही नहीं, पिछले चुनाव की तुलना में इस बार नकदी, शराब, नशीले पदार्थ तथा कीमती धातुओं की जब्ती में 25 फीसदी से भी अधिक बढ़ोतरी दर्ज की गई। चुनाव में अवैध सामग्री की धरपकड़ संबंधी चुनाव आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 2015 के विधानसभा चुनाव में कुल 24279766 रुपये मूल्य की नकदी, अवैध शराब, नशीले पदार्थ तथा कीमती धातुएं जब्त की गई थीं जबकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इस बार के चुनाव में 52.87 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी, शराब, नशीले पदार्थ व कीमती धातुएं जब्त की गईं। इसमें 32.18 करोड़ का सोना, चांदी व अन्य कीमती धातुएं, 10.02 करोड़ नकद, 5.87 करोड़ की ड्रग्स व अन्य नशीले पदार्थ तथा 2.67 करोड़ रुपये की तस्करी की शराब शामिल थी। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी, कुकर, साड़ियां इत्यादि बांटने के मामले तो अक्सर सामने आते रहे हैं लेकिन दिल्ली के दंगल में पहली बार लैपटॉप बांटने के प्रयास भी खूब हुए। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार चुनाव के दौरान 2.16 करोड़ रुपये मूल्य के लैपटॉप, साड़ी, कुकर इत्यादि जब्त किए गए। चुनावी शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिहाज से चुनावों में आपराधिक पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों की बढ़ती संख्या भी चिंताजनक है। अगर बात की जाए चुनाव में धनकुबेरों की बढ़ती हिस्सेदारी की तो बेहद चिंताजनक तस्वीर सामने आती है। विधानसभा चुनाव में 672 प्रत्याशियों में से 243 अर्थात 36 फीसदी प्रत्याशी करोड़पति थे और प्रति उम्मीदवार 4.34 करोड़ रुपये की औसत सम्पत्ति का आकलन किया गया, जो पिछले चुनाव में प्रति उम्मीदवार 3.32 करोड़ रुपये थी। 105 उम्मीदवारों की सम्पत्ति पांच करोड़ से अधिक जबकि 72 उम्मीदवारों की सम्पत्ति दो से पांच करोड़ रुपये के बीच थी। 2020 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 83 फीसदी, आप के 73 फीसदी तथा भाजपा के 70 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति थे जबकि 2015 के चुनाव में कांग्रेस के 84 फीसदी, भाजपा के 72 फीसदी और आप के 63 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति थे। जहां तक दिल्ली विधानसभा चुनाव में चुनाव के दौरान आयोजित की जाने वाली रैलियों में प्रत्येक राजनीतिक दल या उम्मीदवार ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाकर शक्ति प्रदर्शन करने के लिए लोगों को रैली का हिस्सा बनने के लिए प्रलोभन की राजनीति का सहारा लेते रहे हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान भी चुनाव अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के पास से 4.2 करोड़ डॉलर जब्त किए थे, जिनमें वोट खरीदने के लिए धनराशि भी शामिल थी। यही नहीं, चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 1.6 करोड़ लीटर शराब तथा 17 हजार किलोग्राम अवैध ड्रग्स भी जब्त की गई थी। चुनावी मैदान में करोड़पति उम्मीदवारों की बढ़ती संख्या और एक-एक प्रत्याशी के चुनाव प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च हो जाने के मामलों को देखते हुए स्पष्ट है कि अब वे दिन लद गए, जब बामुश्किल अपने परिवार की रोजी-रोटी का इंतजाम करने वाले लोग भी अपनी ईमानदारी के बूते पर चुनाव जीतकर लोकतंत्र में मिसाल बनते थे। आज तो हालात यह हैं कि किसी ग्राम पंचायत में सरपंच जैसे पद के लिए भी उम्मीदवार एक-एक करोड़ रुपये तक की धनराशि पानी की तरह बहा देते हैं। वहीं नगर निगम चुनावों में 3-5 करोड़ और विधानसभा चुनावों में 15 करोड़ तक का खर्च आम बात हो गई है।

## जनरल नरवणे ने कहा- हमारे जवानों ने पाकिस्तानी बैट की गतिविधियों पर लगाम लगाई, उनके एक्शन से पहले ही उन्हें नाकाम किया



**सेना** प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने गुरुवार को कहा कि सेना लगातार आतंकी समूहों पर दबाव बना रही है। एलओसी पर पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम (बैट) टीम की सक्रियता के सवाल पर उन्होंने कहा- हमारे जवानों ने बैट की कार्रवाई से पहले ही उन्हें नाकाम किया है। उन्होंने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में कमी आई हैं। जनरल नरवणे ने माना कि अंतरराष्ट्रीय संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की बैठक की वजह से भी आतंकी गतिविधियों में कमी आई है। ब्लैक लिस्ट होने के डर से पाकिस्तान ने सीमा पार से संचालित आतंक को कम किया है। चीन को भी महसूस हो चुका है कि वह हमेशा पाकिस्तान का समर्थन नहीं कर सकता। ऐसे में पाकिस्तान को आतंकवाद पर चलने की अपनी रणनीति पर दोबारा विचार करना पड़ेगा। पाकिस्तान की बैट टीम भारतीय सेना के जवानों का सिर काटने की घटना में शामिल रही है। इस टीम में पाकिस्तानी सेना के साथ जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी भी शामिल होते हैं। इस साल 11 जनवरी को नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर गोलीबारी के बाद बैट टीम भारतीय सेना के एक पोर्टर का सिर काटकर ले गई थी। इस घटना के बाद सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे से जब जवाबी कार्रवाई के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने भारतीय सेना को पेशेवर बताते हुए इस कायराना हरकत का उचित जवाब देने की बात कही थी।

# अयोध्या में मंदिर की तरह मस्जिद के लिए भी ट्रस्ट क्यों नहीं बना रही मोदी सरकार: शरद पवार

**लखनऊ।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की पहली बैठक नई दिल्ली में हुई। इस बैठक में कई फैसले लिए गए। इस बीच, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को अयोध्या में मस्जिद के लिए भी पैसा उपलब्ध कराना चाहिए। मस्जिद के लिए सरकार ट्रस्ट क्यों नहीं बना रही है।



एनसीपी कार्यकताओं के राज्य सम्मेलन में भाग लेने आए शरद पवार ने कहा, 'बीजेपी लोगों को सांप्रदायिक आधार पर बांट रही है। हमें राम मंदिर का निर्माण स्वीकार है। अगर सरकार मंदिर के लिए ट्रस्ट बना सकती है तो एक अन्य ट्रस्ट बनाकर मस्जिद के लिए भी धन क्यों नहीं दे सकती।' वहीं, एनसीपी के महासचिव प्रफुल्ल पटेल ने राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक पर पर कहा कि सारी पार्टियों ने भारत में पहले से ही एक भूमिका रखी थी कि जहां कोर्ट का सवाल आएगा, हम उसे सर्वोच्च मानेंगे। कोर्ट का जो फैसला हुआ, सभी ने मान लिया। अमन चैन और भाईचारा सदैव सभी के बीच बना रहे और ये विवाद हमेशा के लिए खत्म हो। यही हम सबकी मंशा है। शरद पवार ने उत्तर प्रदेश के बजट पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष के लिए उत्तर प्रदेश के बजट में किसानों के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा, 'सरकार ने युवाओं के लिए एक मासिक राशि की घोषणा की है, लेकिन इसमें संदेह है कि उन तक पैसा पहुंच पाएगा या नहीं। समय की मांग युवाओं को काम का अधिकार देने की है।' पवार ने कहा कि ऐसा अवसरों की कमी के वजह से है। युवा आजीविका के लिए मुंबई जैसे शहरों की तरफ पलायन कर रहे हैं। उन्होंने एनसीपी कार्यकताओं से राज्य व देश में बदलाव लाने का आह्वान किया।

## नियमित किए जाने की मांग को लेकर शिक्षिका ने सिर मुंडवाया, राहुल गांधी को भेजेंगी बाल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में अतिथि शिक्षकों को नियमित किए जाने की मांग को लेकर शिक्षक धरने पर बैठे हैं। इस दौरान बुधवार को एक महिला शिक्षक ने अपनी मांगों के समर्थन में अपने बाल मुंडवा लिए। प्रदर्शनकारी संगठन के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुखदायी है कि महिला शिक्षक को अपनी मांगे मनवाने के लिए अपना मुंडन कराना पड़ा। उन्होंने कहा कि हम महिला शिक्षक के बाल कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी को भेजेंगे ताकि उन्हें अपने किए वादे की याद आए।

मुंडन कराने वाली महिला का नाम शाहीन खान बताया गया। खान ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने चुनाव से पहले वादा किया था कि वे सत्ता में आएंगे तो अतिथि शिक्षकों की मांगों को पूरा करेंगे। साल भर इंतजार करने के बाद भी जब सरकार ने उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया तब उन्होंने आंदोलन का फैसला किया। उन्होंने




बताया कि इसके बाद से ही उन्हें फालेन आउट के नोटिस मिलने लगे। शिक्षिका ने कहा कि अब लिखित ऑर्डर मिलने तक हम यहां से नहीं उठेंगे।

बता दें कि शिक्षिका पिछले 72 दिनों से यहां शाहजहांनी पार्क में अन्य अतिथि शिक्षकों के साथ नियमित किए जाने की मांग को लेकर धरने पर बैठी हैं। अपना सिर मुंडवाने से पहले शाहीन ने कहा कि 72 दिनों के धरने के बाद भी राज्य सरकार ने हमारी मांगें नहीं मानी हैं और न ही हमसे बात की है। उन्होंने बताया कि कुछ अतिथि शिक्षक खराब वित्तीय हालत के चलते आत्महत्या कर चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि शिक्षिका ने जो बाल मुंडवाए हैं, उन्हें वे राहुल गांधी को भेजेंगे ताकि उन्हें पता चले कि उनके दिए वचन का यहां पालन नहीं हो रहा है।

महिला शिक्षक द्वारा मुंडन कराए जाने की घटना को लेकर पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की कमलनाथ सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आज भी केश नारी के सम्मान के प्रतीक हैं।

अतिथि विद्वान बहनों ने आपकी सोती हुई सरकार को नींद से जगाने के लिए अपने केश त्यागे। क्या आज आपको उनकी पीड़ा का अंदाजा है? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या वे (कमलनाथ) अतिथि विद्वानों की भलाई के लिए कोई कदम उठाएंगे?

## पूर्व मंत्री इंतजार आब्दी के घर बिजली चोरी, एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** लखनऊ इलेक्ट्रिकसिटी सप्लाई अथॉरिटी (लेसा) की टीम ने पूर्व मंत्री इंतजार आब्दी के घर बिजली चोरी पकड़ी है। बिजली के पोल से कटिया लगाकर सीधे बिजली लिए जाने की बात खुली तो आब्दी के परिवारीजनों ने लेसा टीम के लोगों से मारपीट की और उन्हें खदेड़ दिया। कार्रवाई की विडियोग्राफी कर रहे पुलिसकर्मी का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। लेसा की ओर आब्दी के परिवारीजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। लेसा टीम ने बुधवार सुबह 6:30 बजे गोलागंज के इलाके में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने मकबरा आलिया के मकान नंबर-46 में बिजली खंभे से सीधे कटिया लगाकर बिजली चोरी पकड़ी। यह मकान पूर्व मंत्री इंतजार आब्दी का है। बिजली चोरी का कारण पूछने पर आब्दी के परिवारीजन भड़क उठे और कहा कि उनका कनेक्शन है। आरोप है कि कनेक्शन के कागज मांगने पर परिवारीजनों ने टीम के सदस्यों को धमकाया। टीम ने बिजली बिल मांगा तो आब्दी के भाई इश्तियाक आब्दी ऊर्फ राजू व तीन महिलाओं ने टीम के लोगों से मारपीट शुरू कर दी। इन लोगों ने कार्रवाई की विडियोग्राफी कर रहे पुलिस कर्मी दिनेश शुक्ला का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया और टीम के सदस्यों को दौड़ा लिया। इस पर एसडीओ आशीष शर्मा ने बिजली गंज थाने से अतिरिक्त पुलिस फोर्स बुला ली। पुलिस बल की मौजूदगी में लेसा टीम ने मंत्री भाई के खिलाफ बिजली चोरी व सरकारी काम में बांधा डालने के आरोप में एफआईआर दर्ज करवाई।

## चोरी के आरोप में दो दलितों की पिटाई

**जयपुर।** राजस्थान के नागौर जिले में कथित रूप से चोरी करते हुए पकड़े गए दो दलितों की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में पांच लोगों को हिरासत में लिया है।दलितों की बेरहमी से पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला सामने आया। पुलिस ने इसके बाद पांच लोगों को हिरासत में लिया।पांचौड़ी थाने के थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि घटना रविवार को एक



दुपहिया वाहन कंपनी के शोरूम में हुई। शोरूम के कर्मचारियों ने कथित तौर पर चोरी करते पकड़े गए दो लोगों से बेरहमी से मारपीट की। इसका वीडियो भी बना लिया गया। यह सामने आने के बाद पीड़ितों ने बुधवार को मामला दर्ज करवाया।उन्होंने कहा कि पीड़ितों के अलावा एजेंसी की ओर से दोनों के खिलाफ पैसे चुराने के आरोप में मामला दर्ज करवाया गया है। उन्होंने कहा कि मारपीट के संबंध में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## पाक मंत्री की इस जुर्रत पर केजरीवाल ने किया पीएम मोदी का बचाव

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव 2020 की चर्चा न केवल देश में है, बल्कि पड़ोसी पाकिस्तान भी इन चुनावों पर नजर बनाए हुए है लेकिन इस बीच शुक्रवार को पड़ोसी देश पाकिस्तान के मंत्री भी इन चुनावों में कूद पड़े। पाकिस्तान में भारतीय जनता पार्टी को हराने की मांग उठी। पाक के साइंस ऐंड टेक्नॉलजी मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने मोदी को हराने की बात कही और ट्वीट किया। अब इस पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया है और पीएम मोदी का बचाव किया है। आपको बता दें कि इससे पहले भी फवाद विवादित बयान कई बार दे चुके हैं।

केजरीवाल ने ट्वीट कर पीएम मोदी का बचाव करते हुए कहा कि दिल्ली चुनाव भारत का आंतरिक मामला है। उन्होंने ट्वीट किया, 'नरेंद्र मोदी जी भारत के प्रधानमंत्री है। मेरे भी प्रधानमंत्री है। दिल्ली का चुनाव भारत का आंतरिक मसला है और हमें आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं। पाकिस्तान जितनी कोशिश कर ले, इस देश की एकता पर प्रहार नहीं कर सकता।'

नरेंद्र मोदी जी भारत के प्रधानमंत्री है। मेरे भी प्रधानमंत्री है। दिल्ली का चुनाव भारत का आंतरिक मसला है और हमें आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं। पाकिस्तान जितनी कोशिश कर ले, इस देश की एकता पर प्रहार नहीं कर सकता। फवाद ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि भारत में मोदी को हारना चाहिए। उन्होंने लिखा, 'भारत के लोगों को मोदी को हराना चाहिए। वह इस वक्त अन्य राज्य के चुनाव (दिल्ली) हारने के प्रेशर में उल्टे सीधे दावे कर रहे हैं, लोगों को डरा रहे हैं। कश्मीर, नागरिकता संसोधन कानून और गिरती अर्थव्यवस्था पर देश-दुनिया से मिली प्रतिक्रिया के बाद उन्होंने अपना मानसिक संतुलन खो दिया है।' फवाद ने यह ट्वीट मोदी के एक भाषण पर किया।

# भारत में इन रोमांटिक जगहों पर बिताएं पार्टनर संग समय

साल का सबसे रोमांटिक दिन आने में अब मात्र चंद घंटे ही बचे हैं। हर कपल को इस खास दिन का इंतजार रहता है। कई लोग पार्टनर के साथ कुछ रोमांटिक समय बिताने की सोचते हैं तो कुछ अपने पार्टनर को सरप्राइज देने का प्लान बनाते हैं। कई लोग इस दिन अपने प्यार का इजहार करने की प्लानिंग करते हैं। ऐसे में मुश्किल तब आती है जब हम डेस्टिनेशन के बारे में सोचते हैं। यहां हम आपको ऐसे डेस्टिनेशन्स के बारे में बता रहे हैं, जहां आप बेहद रोमांटिक तरीके से मना सकते हैं और पार्टनर के साथ कुछ समय बिता सकते हैं।



सिटी ऑफ रोमांस -उदयपुर राजस्थान

राजस्थान का उदयपुर देश के सबसे रोमांटिक शहरों में से एक है। झीलों की नगरी उदयपुर में महल, हवेली, मंदिर, बाग और म्यूजियम की भरमार है। अगर आप पार्टनर के साथ किसी रोमाटिंग जगह पर वैलंटाइन्स डे सेलिब्रेट करने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो उदयपुर आपके लिए बेस्ट है।

आगरा, उत्तर प्रदेश

मोहब्बत की निशानी ताजमहल की खूबसूरती को देखने के लिए दुनिया भर से लोग आगरा आते हैं। वैलंटाइन्स डे के मौके पर पार्टनर के साथ क्वॉलिटी टाइम बिताने और उस समय को यादगार बनाने के लिए आपको इससे अच्छी जगह नहीं मिलेगी।

श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर

कश्मीर में आप ऊंचे-ऊंचे पहाड़, देवदार के वृक्ष, हसीन वादियां और मन को छू लेने वाली यहां की खूबसूरत घाटियों के बीच पार्टनर के साथ समय बिता सकते हैं। पार्टनर के साथ श्रीनगरके डल लेक में शिकारे पर बैठकर समय बिताना और बर्फ से ढकी चोटियों को देखने का एक अलग मजा है।

पूवर आइलैंड, केरल

केरल के बैकवॉटर्स में कपल्स के लिए एक बेहतरीन टूरिस्ट पॉइन्ट है पूवर आइलैंड। यह एक ऐसा स्थान है, जहां नदी और समुद्र का संगम होता है और यहां की प्राकृतिक सुंदरता देखने लायक है। आप अपने पार्टनर के साथ यहां की सुनहरी रेत पर घूमते हुए समय बिता सकते हैं।

हैवलॉक आईलैंड, अंडमान-निकोबार

अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह को भारत में कपल्स का स्वर्ग कहा जाता है। लेकिन यहां का हैवलॉक आईलैंड रोमांस के लिए बेस्ट है। यहां अपने पार्टनर के साथ स्पार्क जैसी चमकती रेत पर सनसेट देखने का एक अलग ही मजा है।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
काम की अधिकता रहेगी। विचलित न हों संयम बनाए रखें। अपना व्यवहार कार्यालय में ठीक रखें। वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

**सिंह**
काम अधिक होने से चिड़चिड़ाहट हो सकती है। अधिकारी से विवाद हो सकता है। काम पेंडिंग न रखें। धन की कमी रहेगी।

**धनु**
काम की अधिकता रहेगी। समय पर सब काम पूरे हो जाएंगे। अपना काम किसी और को न सौंपें। मांगलिक कार्यक्रमों में जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृष**
अचानक काम के सिलसिले में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। सहकर्मी से विवाद हो सकता है। धनतंगी रहेगी।

**कन्या**
प्रॉपर्टी में निवेश के लिए अभी समय अनुकूल नहीं है। किसी को उधार न दें। वाहन सतर्कता से चलाएं। खानपान में अति न करें।

**मकर**
कॅरियर को लेकर चिंता बढ़ सकती है। तनाव ग्रस्त हो सकते हैं। इसका स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। खानपान का ध्यान रखें।

**मिथुन**
प्रॉपर्टी संबंधी मामलों में सफलता मिलेगी। कोई भी निर्णय सोच समझकर लें। काम के सिलसिले में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। वाहन सावधानी से चलाएं।

**तुला**
कोई आपको भ्रमित करने का प्रयास कर सकता है। अच्छा होगा सतर्कता से कोई निर्णय लें। चोरी, दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

**कुंभ**
अपने कॅरियर को लेकर चिंता बढ़ेगी लेकिन समय के साथ सब ठीक हो जाएगा। बच्चों को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है।

**कर्क**
बच्चों को लेकर चिंता बनी रहेगी। कॅरियर के लिए निर्णायक दौर चल रहा है। कोई आपको बरगलाने का प्रयास कर सकता है। सतर्क रहें।

**वृश्चिक**
किसी के प्रलोभन में न आएं काम बिगड़ सकते हैं। अनावश्यक विवादों में न पड़ें। अधिकारी वर्ग की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

**मीन**
कोई अनजान व्यक्ति आपको धोखा दे सकता है। किसी को कर्ज न दें। वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। समय प्रतिकूल चल रहा है इसलिये सतर्क रहें।

# बुंदेली संस्कृति के अनूठे रंग देखना चाहते हैं तो कालिंजर मेले में आइए

भगवान शिव की तपोस्थली रही बुंदेलखंड के कालिंजर किले में गुरुवार से 5 दिन का मेला शुरू हो रहा है। पाषाणकालीन भित्ति चित्रों और गुप्तकालीन शिल्प के लिए मशहूर, चंदेल-बुंदेला राजाओं का मान रहे इस विश्वप्रसिद्ध दुर्ग में हो रहा मेला लोगों को बुंदेलखंड की विरासत के साथ ही बुंदेली खान-पान और संस्कृति के अनूठे रंगों से रूबरू कराएगा। देश-विदेश से यहां पहुंच रहे टूरिस्ट इस महोत्सव में पहली बार हॉट एयर बैलून के जरिए आस-पास के दुर्लभ और दुर्गम नजारों का लुत्फ भी उठा सकेंगे।



मुगलों के समय भी लगभग अजेय रहे कालिंजर किले में महोत्सव को भव्य बनाने और इसे वर्ल्ड टूरिज्म में शुमार कराने के लिए यूपी का बांदा जिला प्रशासन जी-जान से जुटा है। कालिंजर फोर्ट विकास समिति के अध्यक्ष और जिले के डीएम हीरा लाल कहते हैं कि इस मेले में 100 से ज्यादा दुकानें और गैलरियां आध्यात्मिक, (ललित कलाओं से जुड़ी) सांस्कृतिक, सेहत, शिक्षा, खेल-कूद और ग्रामीण विकास जैसी विभिन्न थीम पर आधारित होंगी। हर गैलरी में लोगों को कुछ न कुछ नया सीखने को मिले, यही मकसद है। आम लोगों के लिए चल रही सरकारी योजनाओं की जानकारी यहां मिलेगी ही, सेहत की मुफ्त जांच भी होगी।

महोत्सव की संयोजक सचिव और नरैनी की एसडीएम वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि बुंदेली गीत-संगीत के कार्यक्रमों के साथ ही अवधी-भोजपुरी समेत देश के कोने-कोने से आ रहे कलाकारों के कार्यक्रम भी होंगे। चारकूला नृत्य, ब्रज की होली के रंग देखने को मिलेंगे। बुंदेली खान-पान जैसे माहेरी, लाटा के साथ अन्य सभी स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी होंगे। मेले को इको-फ्रेंडली यानी प्लास्टिक फ्री रखने के लिए खान-पान में पत्तों से बने दोने-पत्तल इस्तेमाल होंगे।

20 से 24 फरवरी के बीच कालिंजर महोत्सव

1200 फीट की ऊंचाई पर विंध्य पर्वतमाला पर बना है किला, 90 डिग्री पर पहाड़ पर सीधी खड़ी दीवारें लोगों को अचंभे में डालती हैं, रॉक क्लाइंबिंग के लिए उपयुक्त है। पश्चिमी हिस्से पर नीलकंठ मंदिर, पहाड़ काटकर मंदिर के ऊपर बने दो जलकुंड, नीचे उकेरी गई कालभैरव की विशाल प्रतिमा ध्यान खींचती हैं। राजा-रानी महल, चर्म रोगों को ठीक करने के लिए मशहूर बुड्ढ़ा-बढ़िया तालाब, पातालगंगा, पांडवकुंड, कल्पवृक्ष अन्य दर्शनीय स्थल हैं। मान्यता है, समुद्रमंथन से निकले विष का पान कर जब शिव का कंठ नीला पड़ा, तो कालिंजर में विश्राम कर उन्होंने यहां मौजूद औषधियों से काल पर विजय प्राप्त की थी, इसलिए जगह का नाम कालिंजर पड़ा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# युवाओं पर एनर्जी ड्रिंक का हो रहा खतरनाक असर

भागदौड़ भरी जिंदगी में खुद को चुस्त-दुरुस्त व फिट रखने के लिए आजकल युवाओं का ध्यान एनर्जी ड्रिंक की तरफ कुछ ज्यादा ही है। मगर यह एनर्जी ड्रिंक युवाओं को एनर्जी देने की अपेक्षा उनकी सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। अगर आप भी एनर्जी ड्रिंक पीते हैं तो सावधान हो जाएं। दरअसल, एक नए शोध से पता चला है कि एनर्जी ड्रिंक से युवाओं में दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इससे न केवल युवाओं का ब्लड प्रैशर बढ़ रहा है, बल्कि हार्ट अटैक तक का खतरा भी बना रहता है। रोजाना एनर्जी ड्रिंक लेने वाले युवाओं में तो कोई न कोई बीमारी घर कर चुकी है। कनाडा के ओंटारियो में वाटरलू यूनिवर्सिटी में किए गए शोध में कहा गया है कि ऐसे ड्रिंक की बिक्री 16 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को करने से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।



हाल ही में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि 12 से 24 साल के 55 प्रतिशत बच्चों को एनर्जी ड्रिंक पीने के बाद स्वास्थ्य संबंधी गंभीर प्रभावों से गुजरना पड़ा। इनमें हार्ट रेट तेज होने के साथ ही दिल के दौरे भी शामिल थे। शोधकर्ताओं ने 2000 से अधिक युवाओं से पूछा कि वह रैडबुल या मोंस्टर जैसे एनर्जी ड्रिंक को कितनी बार पीते हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि अन्य कैफीनयुक्त पेय की तुलना में जिस तरह से एनर्जी ड्रिंक का सेवन किया जाता है, उसे देखते हुए एनर्जी ड्रिंक अधिक खतरनाक हो सकते हैं। शोध में पाया गया कि जिन लोगों ने एनर्जी ड्रिंक का सेवन किया था, उनमें से 24.7 प्रतिशत लोगों ने महसूस किया कि उनके दिल की धड़कन तेज हो गई थी। वहीं, 24.1 प्रतिशत लोगों ने कहा कि इसे पीने के बाद उन्हें नींद नहीं आ रही थी। इसके अलावा 18.3 प्रतिशत लोगों ने सिरदर्द, 5.1 प्रतिशत ने दिल घबराने, उलटी या दस्त और 3.6 प्रतिशत लोगों ने छाती में दर्द का अनुभव किया। हालांकि शोधकर्त्ताओं के बीच चिंता का कारण यह था कि इन युवाओं ने एक या दो एनर्जी ड्रिंक ही लिए थे, फिर भी उन्हें ऐसे प्रतिकूल प्रभावों का अनुभव हो रहा था। अध्ययन के बारे में प्रो. डेविड हैमोंड का कहना है कि फिलहाल एनर्जी ड्रिंक खरीदने वाले बच्चों पर कोई प्रतिबंध नहीं है। करियाने की दुकानों में बिक्री के साथ ही बच्चों को टारगेट करते हुए इसके विज्ञापन बनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि इन उत्पादों के स्वास्थ्य प्रभावों की निगरानी बढ़ाने की जरूरत है।

# वजन नहीं बढ़ने देंगे कम फैट वाले ये हेल्दी फूड्स



खाने के बाद एक ही जगह पर बैठे रहने से वजन बढ़ना शुरू हो जाता है। बहुत से लोगों का तोंद बैठे रहने से बाहर निकल आती है, जिसको बाद में कम करने में बहुत परेशानी होती है। कुछ लोग तो इसके लिए डाइटिंग और यहां तक की घंटों जिम में समय बिताते हैं। जिसका नुकसान सेहत पर भी पड़ता है लेकिन यह बात भी सही है कि हैल्दी रहने के लिए खान-पान का सही होना चाहिए। अधूरे पोषण से भी बाद में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए यह जानना बहुत जरूरी है कि आप किस तरह के स्नैक्स या फूड्स खा रहे हैं और उनमें कितनी कैलोरी है, जो आपको पोषण देने के साथ-साथ वजन को भी कंट्रोल रखेंगी।

आइए जानते है कौन से हैं ये कम कैलोरी वाले फूड्स

**1. सेब के साथ लें पीनट बटर**

इसे खाने से आपके शरीर को ऊर्जा मिलेगी और वजन पर भी कंट्रोल बना रहेगा। आप दिन में 50 ग्राम सेब को काट उस पर पीनट बटर लगाकर खा सकते हैं। इससे मोटापा का डर नहीं रहेगा।

**2. इन फलों का करें सेवन**

मोटापे को कम करने के लिए आप अपने आहार में कम कैलोरी वाले फल यानि अनानास, अंगूर और कीवी का सेवन करें। यह आपकी फालतू चर्बी को कम करने में काफी सहायक होगें और पोषण तत्वों की मात्रा भी शरीर में बनी रहेगी।

**3. गाजर और मेयोनीज**

बढ़ते वजन पर कंट्रोल पाने के लिए गाजर के टुकड़ें और मेयोनीज का इस्तेमाल करें। यह सबसे कम फैट वाला आहार है। इससे टेस्ट भी बना रहेगा और वजन भी नहीं बढ़ेगा।

**4. फल और दही**

फलों को साथ दही भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। आप 2 चम्मच ब्लूबेरी के साथ आधा कप दही खा सकते हैं। इसके अलावा भी फलों के साथ दही का सेवन करना अच्छा माना जाता है। यह शरीर में जमा एक्सट्रा फैट को कम करने का काम करता है।

# बच्चों को झूठ बोलने से है रोकना तो करें ये काम

बच्चे बहुत नादान होते हैं। इनका पालन पोषण करना कोई आसान काम नहीं है। सही समय पर उनकी गलतियो को पहचान कर सुधारना पेरेंट्स का फर्ज होता है। कभी-कभार पेरेंट्स की डांट से बचने या किसी ओर कारण से बच्चे झूठ बोल देते है। शुरू-शुरू में छोटी-मोटी बात पर झूठ बोलना बाद में बच्चों की आदत बन जाता है। इसलिए पेरेंट्स का फर्ज है कि उन्हें सही तरीके से समझा कर उनकी इस आदत को दूर करें। जरूरी नहीं कि इसके लिए आप डांट या मार का सहारा लें। आप कई ओर तरीके अपना बच्चे को झूठ बोलने से रोक सकती है। आज हम आपको बताएंगे कि किस तरह आप बच्चे की आदत को दूर कर सकती है।

**1. बनें रोल मॉडल**

बच्चे ज्यादातर आदतें अपने पेरेंट्स से ही सीखते है। ऐसे में अगर आप उनके सामने छोटी-मोटी बातों को लेकर झूठ बोलेंगे तो वो भी ऐसा ही सीखेंगे। इसलिए बच्चों के सामने झूठ बालने की बजाए उनके लिए रोल मॉडल बनें।

**2. प्यार से समझाएं**

अक्सर बच्चों के कुछ गलत करने पर आप उन्हें डांटने लग जाते है। इससे बच्चे डर कर आप से झूठ बोलने लग जाते है। इसलिए बच्चे अगर कोई गलती करें तो उन्हें डांटने या मारने की बजाए प्यार से समझाएं। इससे बच्चे का आप पर विश्वास बढ़ेगा और वो आपके खुद आकर अपनी गलती बता देगा।

**3. हल निकालें**

बच्चे की किसी गलती पर उसके साथ बैठकर उसका सही हल निकालें। इससे उसका आपके प्रति भरोसा बढ़ेगा और वो आपसे झूठ बोलने की बजाए सारी बातें आपको बताएगा, फिर चाहें वो स्कूल या दोस्तों से जुड़ी क्यों न हो।

**4. तारीफ करना**

अगर बच्चा आकर आपके सामने अपनी गलती मानते है तो उन्हें डांटे नहीं। इसकी बजाए उसके सच बोलने की तारीफ करें और उन्हें गलती का अहसास करवाएं। इससे वो आपसे कबी झूठ नहीं बोलेगा।

# ग्रीन टी से बनाएं नैचुरल ब्यूटी प्रोडक्ट्स, मिलेगा दोगुना ज्यादा निखार



आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर ग्रीन टी का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। आपने इससे होने वाले कई हैल्थ बेनेफिट्स के बारे में सुना होगा लेकिन आज हम आपको इससे होने वाले ब्यूटी के फायदो के बारे में बताने जा रहें है। ग्रीन टी इस्तेमाल करके आप इससे कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स बना सकती हैं। इससे आपकी स्किन को नैचुरल ग्लो भी मिल जाएगा और कोई नुकसान भी नहीं होगा। एंटी-इंफ्लेमेंटरी के गुणों से भरपूर ग्रीन टी का ब्यूटी प्रोडक्ट्स की तरह इस्तेमाल आपकी स्किन की खूबसूरत को ओर भी बढ़ा देता है। आइए जानते है ग्रीन टी से बनने वाले नैचुरल ब्यूटी प्रोडक्ट्स के बारे में।

**1. टोनर**

1 कप पानी में दो ग्रीन टी बैग्स, 1 टीस्पून नींबू और खीरे को उबालने के बाद फ्रिज में ठंडा होने के लिए रख दें। अब इसे स्प्रे बोतल में डालकर मॉइश्चराइजर लगाने के बाद टोनर की तरह इस्तेमाल करें।

**2. स्क्रब**

1 ग्रीन टी बैग को आधा कप पानी में उबालकर ठंडा कर लें। इसके बाद इसमें 1 टेबलस्पून चीनी मिलाकर चेहरे पर स्क्रब करें। इसे हल्के हाथों से रहड़ कर चेहरा धो लें। ध्यान रहें कि इसमें चीनी घुले नहीं।

**3. हेयर क्लेंजर**

सबसे पहले बालों को शैम्पू से धो लें। इसके बाद 2-3 ग्रीन टी बैग को उबाल कर उससे बालों को अच्छी तरह धो लें। नियमित रूप से इसका इस्तेमाल बालों को मजबूत, लंबे और शाइनी बनाएगा।

**4. एंटी-एजिंग क्रीम**

एंटी-एजिंग क्रीम बनाने के लिए ग्रीन टी बैग को 1/2 कप पानी में उबालकर ठंडा करके बोतल में डालें। अब 2 टेबलस्पून ग्रीन टी पानी में 1 टीस्पून विटामिन ए ऑयल मिलाकर सोने से पहले लगा लें। हफ्ते में दो बार इसका इस्तेमाल चेहरे की कई समस्याओं को दूर करता है।

**5. फेस मास्क**

ग्रीन टी बैग को पानी में उबाल लें। अब ऑयली स्किन के लिए इसमें मुल्तानी मिट्टी और ड्राय स्किन के लिए शहद मिलाएं। नॉर्मल स्किन के लिए इसमें संतरे के छिलके का पाउडर और शहद मिलाकर चेहरे पर लगाएं।

# 'न्यूजीलैंड एकमात्र ऐसी टीम जिसके साथ हम नंबर-1 साझा करने के लिए तैयार'



**वेलिंग्टन।** भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड के साथ टेस्ट सीरीज के शुरू होने से पहले बुधवार को भारतीय दूतावास का दौरा किया। इस अवसर पर वेलिंग्टन में भारतीय कप्तान विराट कोहली ने दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों और सम्मान की बात की। टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला शुक्रवार से खेला जाएगा।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें कोहली ने यह बात कही है। कोहली ने कहा, 'भारतीय उच्चायोग आना हमेशा खास रहता है क्योंकि हमें यहां भारत से आए कई लोगों से मिलने का मौका मिलता है।'

उन्होंने कहा, 'हमने दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों को लेकर बातें सुनी हैं और मैं इससे ज्यादा सहमत नहीं हो सकता। मुझे लगता है कि अगर हमें टेस्ट रैंकिंग में किसी टीम के साथ अपना स्थान शेयर करना पड़े तो वह न्यूजीलैंड की ही टीम होगी।'

कोहली और केन विलियमसन इस महीने के शुरू में पांचवें टी20 मैच में नहीं खेले थे और इस दौरान सीमा रेखा के पार आपस में बात करते हुए उनका वीडियो काफी चलन में रहा था।

कोहली ने कहा, हम अब उस स्तर पर पहुंच चुके हैं जहां प्रत्येक टीम हमें हराना चाहती है और न्यूजीलैंड भी अलग नहीं है। लेकिन अंतर यह होगा कि इसमें कोई द्वेष नहीं होगा। यही वजह है कि मैं केन के साथ सीमा रेखा के पार बैठकर मैच के बीच में क्रिकेट पर नहीं, बल्कि जिंदगी पर बात करता हूं।

## हरमनप्रीत कौर बोलीं- हम किसी भी टीम पर दबाव बना सकते हैं




**सिडनी।** भारतीय टीम आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप के लिए तैयार है। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बुधवार को सिडनी में कहा कि उनकी टीम सकारात्मक सोच के साथ मैदान पर उतरती है, तो वह किसी भी टीम पर दबाव बना सकती है। हरमनप्रीत ने कहा कि यह सकारात्मकता भारतीय टीम का सबसे मजबूत पक्ष है और उनकी टीम शुक्रवार को टूर्नामेंट के पहले मैच में चार बार के चैम्पियन और खिताबधारक ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने का बेसब्री से इंतजार कर रही है। भारतीय टीम अब तक यह टूर्नामेंट नहीं जीत पाई है।

महिला बिग बैश लीग में सिडनी थंडर से खेलने के कारण शहर को अच्छी तरह से समझने वाली हरमनप्रीत ने कहा, हमारे अंदर रोमांच पैदा होने लगा है क्योंकि हम पहले मैच को लेकर बेहद उत्साहित हूं और हम इसके सकारात्मक पक्षों पर गौर कर रहे हैं। 30 साल की हरमनप्रीत ने कहा, हमारी टीम ऐसी है जो किसी भी टीम पर दबाव बना सकती है। हम सकारात्मक सोच के साथ खेलने पर ध्यान दे रहे हैं और उस तरह से खेलना चाहते हैं जैसे हम खेल सकते हैं क्योंकि यह हमारा सबसे मजबूत पक्ष है।

## चर्चिल ब्रदर्स ने रीयल कश्मीर को 2-1 से हराया

**फार्तोर्दा (गोवा)।** चर्चिल ब्रदर्स ने पहले 20 मिनट के अंदर दो गोल दागकर बुधवार को यहां आईलीग फुटबाल टूर्नामेंट में रीयल कश्मीर को 2-1 से हराया।

चर्चिल ब्रदर्स की तरफ से विल्स डियोन प्लास ने दसवें मिनट में पेनल्टी पर पहला गोल किया जबकि मापुइया ने 20वें मिनट में स्कोर 2-0 से कर दिया। रीयल कश्मीर की तरफ से रोबिन सिंह ने 82वें मिनट में गोल करके हार का अंतर कम किया। इस जीत से चर्चिस ब्रदर्स 19 अंकों के साथ आईलीग तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। रीयल कश्मीर के 15 अंक हैं और वह सातवें स्थान पर बना हुआ है।

## अजिंक्य रहाणे ने दिखाया ऋषभ पंत को आइना, बोले- खराब दौर को स्वीकार करना होगा

**वेलिंग्टन।** भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान अजिंक्य रहाणे युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को आइना दिखाया है। उन्होंने गुरुवार को यहां कहा कि ऋषभ पंत को स्वीकार करना होगा कि वह खराब दौर से गुजर रहे हैं और उन्हें बतौर क्रिकेटर बेहतर होने पर फोकस जारी रखना होगा। 22 वर्ष के पंत पांच महीने पहले तक सभी प्रारूपों में विकेटकीपर के तौर पर भारत की पहली पसंद थे। उन्होंने सीमित ओवरों के प्रारूप में केएल राहुल को जगह गंवा दी जबकि टेस्ट में ऋद्धिमान साहा विकेटकीपर हैं।



रहाणे ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व कहा, यह स्वीकार करना जरूरी है कि आप कहां खड़े हैं। सकारात्मक रहकर ज्यादा से ज्यादा सीखने की जरूरत है। बात सीनियर या जूनियर की नहीं है। बता दें कि पंत खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। उन्हें न्यूजीलैंड दौरे पर टी-20 और वनडे सीरीज के सभी मुकाबलों में नहीं खिलाया गया था। केएल राहुल ने विकेटकीपिंग की थी।

उन्होंने कहा, किसी को भी बाहर बैठना अच्छा नहीं लगता, लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि टीम को उस दिन क्या जरूरत है। हर खिलाड़ी के लिए स्थिति को स्वीकार करना अहम है। जो हम नियंत्रण में रख सकते हैं, उसी पर फोकस रखना होगा। बतौर क्रिकेटर मेहनत करते रहना होगा।

बता दें कि टेस्ट सीरीज की शुरूआत 21 फरवरी से वेलिंग्टन में होगी। इस मैच में भी पंत को खेलने का मौका शायद ही मिले, क्योंकि ऋद्धिमान साहा टीम में हैं और वह पूरी तरह से फिट हैं।

## भारत अंडर-17 महिला टीम ने दूसरे मैत्री मैच में रोमानिया को 1-0 से हराया



**नयी दिल्ली।** भारतीय अंडर-17 महिला फुटबाल टीम ने तुर्की के तुर्कलर में बुधवार को खेले गये दूसरे मैत्री मैच में रोमानिया को 1-0 से हराया। मैच का एकमात्र गोल प्रियंका देवी ने 29वें मिनट में पेनल्टी पर किया। रविवार को खेला गया पहला मैत्री मैच 3-3 से बराबर छूटा था। भारतीय टीम ने पहले हाफ में दबाव बनाने के प्रयास किये। पिछले मैच में भारत की तरफ से तीसरा गोल करने वाले सुमति कुमारी 12वें मिनट गोल करने के करीब पहुंच गयी थी लेकिन उन्हें आफसाइड करार दे दिया गया। इसके दो मिनट बाद सुनीता मुंडा का शॉट रोमानिया की गोलकीपर ने रोक दिया। भारत के पास 28वें मिनट में गोल करने का बेहतरीन मौका था लेकिन निर्मला देवी गोलकीपर को नहीं छका पायी। भारत को हालांकि इसके एक मिनट बाद फिर से मौका मिला और प्रियंका ने 12 गज की दूरी से गोल करने में कोई गलती नहीं की। भारतीय टीम ने दूसरे हाफ में भी दबाव बनाये रखा और रोमानिया को बराबरी का मौका नहीं दिया। इस बीच भारत को 58वें और 70वें मिनट में गोल करने के मौके मिले लेकिन सुमति और सुनीता गोलकीपर को नहीं छका पायी।

## एएफसी चैंपियंस लीग ग्रुप चरण में पहुंचने वाला पहला भारतीय क्लब बना एफसी गोवा, रचा इतिहास

**जमशेदपुर।** एफसी गोवा ने बुधवार को यहां भारतीय फुटबॉल में नया इतिहास रचा, जब वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मैच में जमशेदपुर एफसी को हराकर एएफसी चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण के लिए क्वॉलिफाइ करने वाला पहला भारतीय क्लब बना। एफसी गोवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जमशेदपुर को 5-0 से करारी शिकस्त दी।

एफसी गोवा की तरफ से फेरान कोरोमिनास (11वें मिनट), गो बोमोस (70वें और 90वें मिनट), जैकीचंद सिंह (84वें मिनट) और मोतार्दा फाल (87वें मिनट) ने गोल किए। इस जीत से एफसी गोवा ने आईएसएल के लीग चरण में अपना शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया। आईएसएल के लीग चरण के आखिर में शीर्ष पर रहने वाली टीम को महाद्वीप के शीर्ष क्लब टूर्नामेंट 2021 एएफसी चैंपियंस लीग में जगह मिलना तय था।

एफसी गोवा ने लीग चरण का समापन 18 मैचों में 39 अंक लेकर किया। वह अब एटीके से छह अंक आगे है जो 17 मैचों में 33 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल जैसे भारतीय क्लब एशियाई क्लब चैंपियनशिप में खेले हैं लेकिन देश की किसी भी टीम को एएफसी चैंपियंस लीग में खेलने का मौका नहीं मिला है जो 2002 में शुरू की गई थी। मौजूदा सत्र तक आईलीग चैंपियन को एएफसी चैंपियंस लीग के प्रारंभिक-प्लेऑफ दौर में खेलने का मौका मिलता रहा है लेकिन अब तक कोई टीम ग्रुप चरण के लिए क्वॉलिफाइ नहीं कर पाई थी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने आईएसएल को देश की शीर्ष स्तर की लीग के रूप में मान्यता दी है और ऐसे में लीग चरण में शीर्ष पर रहने वाली टीम प्रतिष्ठित एएफसी चैंपियंस लीग में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) सदस्य संघों की रैंकिंग प्रणाली नवंबर 2019 में जारी की गई थी जिसके अनुसार भारत को एएफसी चैंपियंस लीग में एक स्थान दिया गया क्योंकि देश पश्चिम क्षेत्र के देशों में आठवें स्थान पर है। पश्चिम और पूर्व क्षेत्र के सातवें से 10वें रैंकिंग वाली टीमों को एएफसी चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण में एक स्थान मिलाता है। एएफसी चैंपियंस लीग में 2021 में 32 के बजाय 40 क्लब भाग लेंगे।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर


# टाइगर और कृति की 'हीरोपंती' के सीक्वल की तैयारी?





**टाइगर** श्रॉफ ने की पहली फिल्म थी 'हीरोपंती' और इसमें उनके साथ नजर आई थीं कृति सैनन। अब ऐसा लग रहा है कि फैन्स को जल्द ही इस फिल्म का सीक्वल देखने को मिल सकता है। जी हां, लेटेस्ट रिपोर्ट्स की मानें तो कहा यही जा रहा है कि टाइगर की बॉलिवुड डेब्यू के सीक्वल की तैयारी हो रही है। एक ऑनलाइन रिपोर्ट की मानें तो 'हीरोपंती' मेकर्स ने इस फिल्म को फ्रैंचाइजी में बदलने के बारे में पिछले कुछ समय से सोच रहे हैं। अब ऐसा लग रहा है कि उन्हें फाइनली इस फिल्म के लिए मजेदार स्क्रिप्ट मिल गया है, जो इसकी कहानी आगे बढ़ाने के लिए फिट है। कहा यह भी जा रहा है कि इस सीक्वल में लीड रोल में टाइगर ही होंगे और इस फिल्म की तैयारी मई 2020 में शुरू होगी। हालांकि, इस फिल्म में लीड एक्ट्रेस कृति ही होंगी या फिर कोई और इसकी चर्चा नहीं है। बता दें कि टाइगर फिलहाल अपनी अगली फिल्म 'बागी 3' की तैयारी में जुटे हैं। इसी बीच कहा यह भी जा रहा है कि वह हॉलिवुड फिल्म 'रैम्बो' के हिन्दी रीमेक का काम भी शुरू करेंगे, जिसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद करेंगे। इसलिए ऐसा लग रहा है कि यह फिल्म आगे बढ़ा दी गई है।

# आलिया-रणबीर के रिश्ते को महेश भट्ट ने दी 'हरी झंडी'



**जब** भी बॉलिवुड कपल्स की बात होती है तो सबसे पहले रणबीर कपूर और आलिया भट्ट का नाम आता है। रणबीर-आलिया पिछले दो साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। उनके रिलेशनशिप और शादी के बारे में कई बातें और अफवाहें बी-टाउन में चलती रहती हैं। कभी दोनों एक साथ देखे जाते हैं तो कभी उनकी शादी की तारीख चर्चा का विषय बन जाती है। पिछले दिनों खबर आई थी कि इस साल के अंत में दोनों शादी करने वाले हैं। हाल ही में आलिया ने भी अपनी शादी के बार में चुप्पी तोड़ी थी। अब आलिया के पापा महेश भट्ट ने भी दोनों के रिश्ते पर बयान दिया है। महेश भट्ट ने कहा, दोनों ही प्यार में हैं। रणबीर एक अच्छा लड़का है और मैं उसे पसंद करता हूं। आगे महेश भट्ट ने कहा कि दोनों अपने रिश्ते का क्या करते हैं, यह उन्हें देखना है। महेश भट्ट के ताजा बयान को आलिया-रणबीर के लिए एक हरी झंडी के तौर पर भी देखा जा रहा है। इससे पहले अपनी शादी के बारे में एक सवाल का आलिया ने मजाकिया अंदाज में जवाब देते हुए कहा था, मुझे नहीं पता कि इस वक्त कौनसी अफवाह उड़ रही है। मुझे लगता है कि हर तीसरे हफ्ते में एक नई शादी की तारीख आ जाती है।



# फिर बड़े पर्दे पर दिखेंगी तबु

**साल** 2007 में भूल भुलैया फिल्म आई थी। अब फिल्म के दूसरे पार्ट यानी सीक्वल की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म के कुछ हिस्सों की शूटिंग राजस्थान की राजधानी जयपुर में होगी। फिल्म की स्टार कास्ट में तबु, कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी जैसे नाम शामिल हैं। नई फिल्म में पुरानी वाली फिल्म के दो गानों को शामिल किया गया है। फिलहाल फिल्म के 'हरे राम-हरे राम' और 'मेरे ढोलना सुन (अमी जे तोमार)' को रिक्रिएट किया जा रहा है। पुरानी फिल्म में अमी तोमार गाने पर विद्या बालन और साउथ ऐक्टर विनीत ने परफॉर्म किया था। अब इस गाने पर तबु परफॉर्म करती नजर आएंगी। मुंबई मिरर से फिल्म के बेहद करीबी सूत्र ने बताया, गाने के रिक्रिएटेड वर्जन में हम तबु को पुरानी फिल्म वाले गाने पर ही डांस करते देखेंगे। वह काफी उत्साहित हैं और इस पर काम कर रही हैं। पहली फिल्म के म्यूजिक ऐल्बम की तरह ही भूल भूलैया-2 का म्यूजिक भी एकदम सुपरहिट होगा। यह फिल्म एक हॉरर कॉमेडी होगी। यह फिल्म तबु के लिए हॉरर कॉमेडी जॉनर की दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले वह साल 2017 में आई 'गोलमाल अगेन' में किरदार निभा चुकी हैं। फिल्म में राजपाल यादव भी दिखेंगे लेकिन वह पुराना वाला रोल प्ले नहीं करेंगे। इस बार वह कुछ अलग किरदार में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग लोकेशन के बारे में सूत्र ने बताया, फिल्म के डायरेक्टर अनीस बाजमी और उनकी टीम ने शूटिंग के लिए कई हवेलियां देखी हैं। फिल्म की शूटिंग का दूसरा शेड्यूल इसी साल अप्रैल बीच तक पूरा हो जाएगा। फिल्म का थोड़ा सा हिस्सा मुंबई में भी शूट किया जाएगा।